1319 (10:58
3.4.24

OFFICE OF THE REGISTRAR, UNIVERSITY OF LUCKNOW

# कुलसचिव कार्यालय

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0,–226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

Ref. No.:- M-7329

Date :- 01/04/24

सेवा में,

डॉ0 पुनीत मिश्रा,
इन्चार्ज, वेबसाइट,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय,

मा0 कार्य परिषद की बैठक संख्या **02/2024** दिनांक **12-03-2024** के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ सुलभ संदर्भ हेतु इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

Prof. Mukul Srivastava
01/04/2024

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,
## (नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्याशित)
## कार्य परिषद की बैठक (संख्या 02/2024)
## दिनांक 12-03-2024 की कार्यवृत्त
### उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 1- प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति | | :-अध्यक्ष |
| 2- प्रो0 अरविन्द अवस्थी, प्रति कुलपति | | :-सदस्य |
| 3- अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय | | :-सदस्य |
| 4- प्रो0 राज कुमार | | :-सदस्य |
| 5- प्रो0 रूपेश कुमार | | :-सदस्य |
| 6- प्रो0 बी0डी0 सिंह | | :-सदस्य |
| 7- प्रो0 राम निवास सिंह | | :-सदस्य |
| 8- प्रो0 एन0 के0 पाण्डेय | | :-सदस्या |
| 9- डॉ0 हिमांशु मोहन | | :-सदस्य |
| 10- डॉ0 आर0बी0 सिंह | | :-सदस्य |
| 11- डॉ0 जॉय सरकार | | :-सदस्य |
| 12- डॉ0 इन्दू सक्सेना | (ऑनलाइन माध्यम) | :-सदस्या |
| 13- प्रो0 रजनी कांत श्रीवास्तव | | :-सदस्य |
| 14- श्री धर्मेन्द्र सिंह | | :-सदस्य |
| 15- डॉ0 जगन्नाथ गुप्ता | (ऑनलाइन माध्यम) | :-सदस्य |
| 16- जस्टिस रंजना पांडया | (ऑनलाइन माध्यम) | :-सदस्या |
| 17- डॉ0 विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव | | :-पदेन सचिव |

श्रीमती हिमानी चौधरी, वित अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं श्री विद्यानन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहें, सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम मा0 कुलपति/अध्यक्ष, द्वारा मा0 कार्य परिषद की तरफ से एवं व्यक्तिगत रूप से मा0 कार्य परिषद सदस्य, श्री धर्मेन्द्र सिंह, (कुलाधिपति नामिनी) को मा0 विधान परिषद सदस्य के रूप में नामांकित होने पर बधाई दी गई। मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय परिसर नवनिर्मित गेट नम्बर 03 "विवेकानन्द द्वार" एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु गोमती एवं सरयू अपार्टमेन्ट जिनका लोकार्पण दिनांक 12.03.2024 को महामहिम राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया द्वारा किया गया है की बधाई दी।

तत्पश्चात कार्य परिषद के समस्त मा0 सदस्यों के स्वागतोपरान्त अध्यक्ष/कुलपति जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

# बैठक की कार्यवृत्ति

**विनिश्चय संख्या 2024/02/01:-** कार्य परिषद की बैठक (संख्या 12/2023) दिनांक 26-12-2023 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 24-02-2024 की कार्यवृत्ति एवं कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

कार्य परिषद की बैठक (संख्या 12/2023) दिनांक 26-12-2023 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 24-02-2024 की कार्यवृत्ति एवं कृत कार्यवाही पर मा0 कार्य परिषद द्वारा इस संशोधन के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि "दिनांक 24.02.2024 को सम्पन्न कार्य परिषद की बैठक के मद संख्या 01 के अर्न्तगत विधि विभाग के शिक्षकों से सम्बन्धित चयन समिति के संस्तुतियों में चयनित श्री किरन सिंह के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है जिसका परीक्षण किया जा रहा है। यदि परीक्षण के उपरान्त शिकायत सही पायी जाती है तो उनका चयन निरस्त करते हुए सम्बन्धित श्रेणी के प्रथम प्रतीक्षारत अभ्यर्थी को चयनित कर लिया जायेगा।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/02:-** लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समिति की संस्तुतियों पर निर्णय।

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समितियों की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सचिव/कुलसचिव को निर्देश प्रदान किया गया। तत्पश्चात चयन समिति की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे मा0 कार्य परिषद के समक्ष खोले गये, समिति की संस्तुतियों का विवरण निम्नवत हैः–

| पद नाम | विभाग/पाठ्यक्रम का नाम | श्रेणी | संस्तुति | प्रतिक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| **Assistant Professor (Contractual)** | **Department of Pharmaceutical Chemistry** | UR | **Shanu Singh** | **Anurag Kumar Singh** |
| | | EWS | **NFS** | -------------- |
| | | OBC | **NFS** | -------------- |
| | **Department of Pharmacognosy** | OBC | **Kiran Singh** | **Vinay Kumar Yadav** |
| | | SC | **NFS** | -------------- |
| | **Department of Pharmaceutics** | OBC | **NFS** | -------------- |
| | | SC | **Sunil Kumar** | **Nirvesh Chaudhri** |
| **Assistant Professor (Contractual)** | **Department of Anthropology (Forensic Science)** | SC | **Oshin Hathi** | **Uma Shankar Baghel** |
| | | UR | **Hari Sharan Singh** | **Rakhi Rajput** |
| **Assistant Professor** | **Department of Zoology** | UR | **Nitish Rai** | **Shashwat Singh** |
| | | | **Nidhi Mishra** | **Soumik Goswami** |
| | | OBC | **Tripti Yadav** | **Brajesh Kumar Maurya** |

विज्ञापन संख्या आर/02/2023/SF द्वारा **Department of Pharmacognosy, Department of Pharmaceutical Chemistry, Department of Pharmaceutics, Institute of Pharmaceutical Science, Faculty of Engineering and Technology** में **Assistant Professor (Contractual)** के विज्ञापित पदों के सापेक्ष दिनांक 06.03.2024, विज्ञापन संख्या आर/02/2023/SF द्वारा **Department of Anthropology (Forensic Science), Faculty of Arts,** मे **Assistant Professor (Contractual)** के विज्ञापित पदों के सापेक्ष दिनांक 07.03.2024 एवं विज्ञापन संख्या आर/01/2023 द्वारा **Department of Zoology, Faculty of Science** में **Assistant Professor** के विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष दिनांक 11.03.2024 को सम्पन्न चयन समिति की उपरोक्त संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/03:-** वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.03.2024 की कार्यवृत्ति मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.03.2024 के कार्यवृत्त का संक्षिप्त सार सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर मा0 कार्य परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.03.2024 के कार्यवृत्ति पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/04:-** डॉ0 ए0ए0 इस्लाही, पर्शियन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में गठित जॉच समिति की जॉच आख्या का सीलबन्द लिफाफा परिषद के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 इस्लाही, पर्शियन विभाग के प्रकरण को कार्य परिषद के सचिव/कुलसचिव द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रकरण प्रस्तुत करते समय ही मा0 कार्य परिषद डॉ0 राजेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि प्रकरण अतिमहत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रकृति का है तथा चूँकि कार्य परिषद के कई वरिष्ठ मा0 सदस्यगण आज की बैठक में उपस्थित नहीं है अतः प्रकरण को **Defer** कर दिया जाय। इसी प्रकार का मत मा0 कार्य परिषद सदस्य श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा भी किया गया। समग्र चर्चोपरान्त कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा प्रकरण की गम्भीरता/संवेदनशीलता के दृष्टिगत प्रकरण को इस मीटिंग से **Defer** करते हुए आगामी बैठक में सदन के समझ प्रस्तुत किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/05:-** डॉ0 यू0पी0 सिंह, मानव शास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में गठित जॉच समिति की जॉच आख्या का सीलबन्द लिफाफा परिषद के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 यू0पी0 सिंह, मानव शास्त्र विभाग के प्रकरण को कार्य परिषद के सचिव/ कुलसचिव द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण पर समग्र चर्चोपरान्त कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा प्रकरण की गम्भीरता/संवेदनशीलता के दृष्टिगत प्रकरण को पूर्व प्रकरण की भॉति ही **Defer** करते हुए आगामी बैठक में सदन के समझ प्रस्तुत किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/06:-** डॉ0 रितिका प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर, (संविदा), भूगोल विभाग, ल0वि0वि0 द्वारा निजी कारणवश असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) भूगोल विभाग के पद से प्रस्तुत त्याग पत्र पर कुलपति महोदय द्वारा मा0 कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में प्राप्त स्वीकृति के क्रम में निर्गत पत्र संख्या आर/01/2024 दिनांक 01.01.2024 मा0 परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद संज्ञानित हुई।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/07:-** लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा घोषित वर्ष 2024 के सार्वजनिक/निर्बन्धित अवकाश की सूची मा0 कार्य परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद संज्ञानित हुई।

**विनिश्चय संख्या 2024/02/08:-** महाविद्यालयों में राजकीय/स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की अनापत्ति एवं सहयुक्तता प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रकरणों पर समिति की संस्तुति परिषद के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

| क्रम संख्या | महाविद्यालय का नाम | कोर्स | स्थायी/अस्थायी सहयुक्तता हेतु प्रस्ताव |
|---|---|---|---|
| | | स्थायी सहयुक्तता | |
| 1. | टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, अनौरा, फैजाबाद रोड, लखनऊ। | एम० काम० (वाणिज्य), एम०एस०सी०, बी०बी०ए०, बी०टी०ए० एवं बी०एस-सी० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 2. | इंटीग्रल एण्ड इनोवेटिव सस्टेनेबल एजूकेशन कालेज, लखनऊ। | बी०बी०ए०, बी०सी०ए०, बी०जे०एम०सी० एवं बी०काम० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 3. | सिटी वोमेन्स कालेज, जानकी पुरम, लखनऊ। | बी०एल०एड० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 4. | सिटी कालेज, तिवारीगंज, चिनहट, लखनऊ। | बी०एल०एड० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 5. | सिटी ऐकेडमी डिग्री कालेज,तिवारी गंज, चिनहट, लखनऊ। | एम०ए० अंग्रेजी, इतिहास एवं समाज शास्त्र तथा बी०काम० आनर्स | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 6. | इन्दिरा गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय, रायबरेली। | एम०ए० समाज-शास्त्र | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 7. | स्मृति महाविद्यालय, प्रीतमपुरवा, बोझवा, खीरी। | बी०ए० अतिरिक्त विषयों (शिक्षाशास्त्र एवं चित्रकला) तथा बी०काम० पाठ्यक्रम एवं एम०ए० समाज शास्त्र, गृह विज्ञान | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 8. | पी०वी०आर० कृषि महाविद्यालय, गौसगंज, हरदोई। | एम०एस०सी०, कृषि (हार्टीकल्चर एवं प्लांट ब्रीडिंग एण्ड जेनेटिक्स) | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 9. | सीतापुर, शिक्षा संस्थान, सीतापुर। | बी०एस-सी० एवं बी०काम० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 10. | सत्यवती पटेल महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी। | बी०एस-सी पाठ्यक्रम | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 11. | सी० बेचे लाल महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी। | बी०एस-सी० एवं बी०ए० अतिरिक्त विषय गृह विज्ञान, भूगोल | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 12. | कृष्णा महाविद्यालय, मोहम्मदी, खीरी। | बी०एस-सी० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 13. | सरदार भगत सिंह कालेज, ऑफ हायर एजूकेशन, लखनऊ। | बी०ए० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 14. | महावती मेवालाल महाविद्यालय, टिकौला, कस्ता मितौली, लखीमपुर खीरी। | बी०ए० एवं बी०एस-सी० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 15. | चन्द्रशेखर आजाद डिग्री कालेज, लखीमपुर खीरी। | बी०ए० एवं बी०एस-सी० तथा बी० काम० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 16. | मनु लॉ कालेज, महमूदाबाद, लखीमपुर खीरी। | विधि पंचवर्षीय | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 17. | जे०पी०एस० महाविद्यालय, रायबरेली। | बी०ए० एवं बी०एस०सी० तथा बी० काम० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 18. | विशेश्वर दयाल महाविद्यालय, बिसवाँ, सीतापुर। | बी०ए० अतिरिक्त विषय (गृह विज्ञान एवं शिक्षा शास्त्र) तथा एम०ए० (हिन्दी, समाज शास्त्र) | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 19. | मनजीत नगर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी। | एम०ए० (हिन्दी, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान एवं शिक्षा शास्त्र) | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 20. | मनजीत नगर लॉ कालेज, लखीमपुर खीरी। | विधि त्रिवर्षीय | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 21. | श्री हजारी लाल महाविद्यालय, पहाड़पुर, सीतापुर। | बी०एस-सी० एवं बी०एस०सी० कृषि | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 22. | मॉडर्न कालेज ऑफ एजूकेशन, बख्शी, लखनऊ। | एम०काम० वाणिज्य | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 23. | गुलाब महाविद्यालय, साण्डी, हरदोई। | बी०एस-सी० एवं एम०ए० भूगोल | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 24. | आर०के० पाण्डेय, महाविद्यालय, रायबरेली | बी०ए० एवं बी०एड० | सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| | | अस्थायी सहयुक्तता | |
| 1 | सी०डी० गर्ल्स डिग्री कालेज, लखनऊ। | बी०एड० | सत्र 2024-25 से दो वर्ष के लिये अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| 2 | सी०डी० कालेज ऑफ एजूकेशन, लखनऊ। | बी०एड० | सत्र 2024-25 से दो वर्ष के लिये अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |

## अध्यक्ष महोदय की अनुमति से तत्समय प्रस्तुत मद

**विनिश्चय संख्या 2024/02/S01:-** डॉ0 अन्शू चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर, पाश्चात्य इतिहास विभाग की विश्वविद्यालय में नियुक्ति से पूर्व नवयुग कन्या विद्यालय इण्टर कालेज, लखनऊ (राज्य सरकार द्वारा अनुदानित) में प्राप्त वेतन को संरक्षित किये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर शासन द्वारा दिशानिर्देश प्राप्त किये जाने हेतु प्रेषित किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी।**

**विनिश्चय संख्या 2024/02/S02:-** डॉ0 रमेश चन्द्र, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग को Indian National Science Academy (INSA) में विजिटिंग साईन्टिस के रूप में आवेदन करने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र (NOC) एवं Endorsement Certificate प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर विश्वविद्यालय की अवकाश नियमावली (leave rule) के अर्न्तगत कार्यवाही किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी।**

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

डॉ0 विनोद कुमार सिह
कुलसचिव/पदेन सचिव

प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/पदेन अध्यक्ष